

Smt. Jaya Kumari Chikkala

Smt. Jaya Kumari Chikkala, the Nursing Superintendent of Dr. R.M.L. Hospital, a premier institution in National Capital, has been working successfully in this capacity for the last 7 years. All these years, she has provided an able leadership to the Nursing Staff of the hospital mostly guiding by example.

2. Born on January 17, 1956, she received the Diploma in Nursing from ABM Mission Hospital (Nellore) and then joined (Willingdon) Dr. R.M.L. Hospital as Staff Nurses in 1979. She was promoted to Nursing Sister in 1990, to Asstt. Nursing Superintendent in 1996 and to Deputy Nursing Superintendent in 2003. Later she was promoted to Nursing Superintendent.

3. During her long carrier in Dr. R.M.L. Hospital, she took active part in managing the patients of Parliament Terrorist Attack 2001, Delhi Serial Bomb Blasts 2005 & 2008 and Delhi High Court Bomb Blast in 2011. She did medical relief work during Tsunami Disaster 2005 in Andaman & Nicobar Islands and during Assam Riots in August 2012 at various relief camps in Dubri District of Assam.

4. Smt. Chikkala is an active Executive Board Member of Delhi Nursing Council. To further continue education among serving nurses she has started a CNE Cell in Dr. R.M.L. Hospital in 2008.

5. Smt. Chikkala has been awarded Mother Teresa Award in 2009 and National Florence Nightingale Award in 2012 in recognition of her meritorious work.



श्रीमती जया कुमारी चीक्काला

श्रीमती जया कुमारी चीक्काला, राष्ट्रीय राजधानी की एक प्रमुख संस्था डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले 7 वर्षों से नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेंट की हैसियत से सफलता पूर्वक कार्य करती आ रही हैं। इन सभी वर्षों में आपने अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ को अधिकांशत: उदाहरण देकर उनका प्रभावी मार्गदर्शन करते हुए, उन्हें योग्य नेतृत्व प्रदान किया है।

2. आपका जन्म जनवरी 17, 1956 को हुआ। आपने एबीएम मिशन हॉस्पिटल, नैल्लोर से नर्सिंग में डिप्लोमा हासिल किया तथा उसके पश्चात् आप ने सन् 1979 में डॉ. राम मनोहर लोहिया (आर एम एल) (विलिंग्डन) अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। आप सन् 1990 में नर्सिंग सिस्टर के रूप में, सन् 1996 में सहायक नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेंट के रूप में तथा सन् 2003 में डेप्युटी नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेंट के रूप में पदोन्नत हुईं। बाद में, आप नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेंट के पद पर पदोन्नत हुईं।

3. डॉ. राम मनोहर लोहिया (आर एम एल) अस्पताल में अपने लम्बे सेवाकाल के दौरान, आपने सन् 2001 के संसद पर हुए आतंकवादी हमले, सन् 2005 और 2008 के दिल्ली के श्रृंखला-बद्ध बम-विस्फोटों तथा सन् 2011 में दिल्ली हाईकोर्ट में बम विस्फोट के शिकार लोगों के उपचार के प्रबन्धन में सक्रिय रूप से भाग लिया । आपने सन् 2005 में अंडमान और निकोबार-द्वीपसमूह में सुनामी आपदा के दौरान तथा अगस्त, 2012 में असम दंगों के दौरान असम के धुबड़ी जिले में विभिन्न राहत-शिविरों में चिकित्सा संबंधी राहत जुटाने का कार्य किया ।

4. आप दिल्ली नर्सिंग परिषद् के कार्यकारी बोर्ड की एक सक्रिय सदस्य हैं। सेवारत नर्सों की शिक्षा को आगे जारी रखने के लिए आपने सन् 2008 में डॉ. आर एम एल अस्पताल में एक सी एन ई सेल प्रारम्भ किया।

5. आपके सराहनीय कार्यों के फलस्वरूप आपको सन् 2009 में मदर टेरेसा अॅवॉर्ड और सन् 2012 में नेशनल फ्लोरेंस नाइटइंगेल अॅवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।